29

आरती शर्मा
स्टाम्प विक्रेता
ला०नं0.32, तहसील खैर (अलीगढ़)
ACC ID-UP14199304

# INDIA NON JUDICIAL

## Government of Uttar Pradesh

सत्यमेव जयते

e-Stamp

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP80275354275395U |
| Certificate Issued Date | : | 02-May-2022 12:55 PM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14199304/ KHAIR/ UP-ALG |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP14199304517170735998889U |
| Purchased by | : | VINOD KUMAR SON OF SHRI CHAND |
| Description of Document | : | Article 64 (A) Trust - Declaration of |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | SARV SHIKSHA SARV SEVA TRUST BY VINOD KUMAR |
| Second Party | : | VINOD KUMAR SON OF SHRI CHAND |
| Stamp Duty Paid By | : | VINOD KUMAR SON OF SHRI CHAND |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 750 (Seven Hundred And Fifty only) |

Please write or type below this line

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

0000491336

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

Statutory Alert:
1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.



!!ओउम्!!

सर्व शिक्षा सर्व सेवा ट्रस्ट

ग्राम – अरनी......, जिला अलीगढ़ (उ0प्र0)

**Total Stamp Rs 750/- e-Stamp 80275354275395U on dated 02.05.2022**

मैं कि विनोद कुमार पुत्र श्री श्रीचंद नि0 मकान नं0 48, शिवओम मार्केट, रघुनाथपुर नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर–201301 (Adhar card XXXX XXXX 6596) अपने जीवन के प्रारम्भिक समय से ही ईश्वर, समाज व मानव सेवा के लिए प्रेरित हूँ। इस दृष्टि से मैंने अपने शुभचिन्तकों एवं सामाज के अन्य व्यक्तियों से विचार विमर्श कर अपने ग्राम अरनी पो0 पलाचाँद पर0 व तह0 खैर जिला अलीगढ़ में स्थित एक विद्यालय "हिन्दुस्तान स्कॉलर्स अकादमी" अरनी पर0 व तह0 खैर जिला अलीगढ़ के विधिवत संचालन के लिए एक व्यक्तिगत ट्रस्ट का सृजन एवं गठन करने का विचार किया तदर्थानुसार एतद् द्वारा मैं एक व्यक्तिगत ट्रस्ट जिसका नाम "सर्व शिक्षा सर्व सेवा ट्रस्ट" अरनी पर0 व तह0 खैर जिला अलीगढ़ का सृजन व गठन करता हूँ। जिसका सर्मूण विवरण निम्न प्रकार है:–

1. ट्रस्ट का नाम– "सर्व शिक्षा सर्व सेवा" ट्रस्ट होगा।
2. ट्रस्ट का पता– हिन्दुस्तान स्कॉलर्स अकादमी" अरनी पर0 व तह0 खैर जिला अलीगढ।
3. ट्रस्ट का कार्य क्षेत्र– "सम्पूर्ण भारत में ट्रस्ट की शाखायें स्थापित की जा सकती है।
4. ट्रस्ट के उद्देश्य–
   क– ट्रस्ट का उद्देश्य विद्यालय को स्थापित कराकर उसका विधिवत रूप से संचालन करना एवं विद्यालय का रख–रखाव

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

करना एवं विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराना।

ख– ट्रस्ट का उद्देश्य विद्यालय की सम्पत्ति की सुरक्षा करना, विद्यालय हित में आवश्यकतानुसार विद्यालय हेतु निमार्ण कार्य कराना।

ग– ट्रस्ट का उद्देश्य विद्यालय परिसर में आने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराना एवं विद्यालय में सांस्कृतिक, धार्मिक एवं विद्यार्थियों के कौशल के लिए विभिन्नय आयोजनो का क्रियान्वन करना।

घ– ट्रस्ट का उद्देश्य विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं राष्ट्रीय पर्व के उत्सवों का आयोजन करना।

ड़– ट्रस्ट का उद्देश्य विद्यालय परिसर में सफाई, प्रकाश की आदि के साधनों की समुचित व्यवस्था करना।

च– ट्रस्ट का उद्देश्य विद्यालय की सम्पत्ति को हानि पहुँचाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध संगठित होकर कानूनी सहायता प्राप्त कर न्यायालय में वाद दायर करना एवं प्रतिरक्षा करना।

छ– ट्रस्ट का उद्देश्य सर्वजन हित सेवा हेतु गौशाला, चिकित्सालय, अनाथालय, उच्च शिक्षण संस्थान जैसे–व्यवसायिक शिक्षा, मैडीकल शिक्षा, प्रौद्योगिकी शिक्षा, प्रबन्धन शिक्षा आदि एवं अन्य उपयोगी प्रकोष्टों की स्थापना करना एवं अन्य सामाजिक सेवायें प्रदान करना।

ज– ट्रस्ट का उद्देश्य विद्यालय संचालन हेतु आवश्यक भूमि का क्रय करना एवं समाज के अपंग, निर्धन एवं वृद्धजनों की किसी भी प्रकार से सेवा करना।

झ– ट्रस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं अत्यात्मिक विकास हेतु साधन उपलब्ध कराना।

5. <u>ट्रस्ट की सम्पत्ति</u> : –इस ट्रस्ट के संस्थापक विनोद कुमार अपने निजी कोष से 11000/रू0 का सहयोग करते हैं, वर्णित राशि इस ट्रस्ट के सृजन होने के तुरन्त उपरान्त ट्रस्ट द्वारा बैंक में खोले गये खातें में संचालनार्थ जमा हो जायेगी। इसके उपरान्त जो भी नकद धनराशि या अन्य चल–अचल सम्पत्ति या सामान आदि उक्त ट्रस्ट को प्राप्त होगा उस

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

सबका मालिक एक मात्र उक्त ट्रस्ट होगा। ट्रस्ट की सम्पत्ति को विक्रय करने का अधिकार किसी भी ट्रस्टी को नहीं होगा।

6. ट्रस्ट के ट्रस्टीगण :— मेरे सहित इस ट्रस्ट के निम्नलिखित 6 स्थाई ट्रस्टी होगें। इन ट्रस्टियों को इस ट्रस्ट से केवल उसी दशा में हटाया जा सकता है जब वह पागल, दिवालिया या ट्रस्ट के विरूद्ध कार्य कर रहे हों उपरोक्त बातें मेरे ऊपर भी लागू होंगी। प्रारम्भ में ट्रस्ट के पदाधिकारी निम्न प्रकार होगें।

| | पद | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| | संरक्षक | विनोद कुमार पुत्र श्री श्रीचंद नि0 मकान नं0 48, शिवओम मार्केट, रघुनाथपुर नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर—201301 | ✓ [signature] |
| क— | अध्यक्षः— | निरंकार सिंह पुत्र श्री बुध सिंह नि0 ई—80 सेक्टर—55 नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगरं उ0प्र0—201301 Adhar card XXXX XXXX 6189 | [signature] |
| ख— | उपाध्यक्षः— | श्रीमती मीरा रानी पत्नी श्री विनोद कुमार नि0 रघुनाथपुर सैक्टर—22 नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर—201301 Adhar card XXXX XXXX 9169 | Meera Rani |
| ग— | महामन्त्रीः— | तरून शर्मा पुत्र श्री निरंकार सिंह ई—80 सेक्टर—55 नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0—201301 | [signature] |

✓ [signature]

[signature]
Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | Adhar card XXXX XXXX 9136 | |
| घ– | कोषाध्यक्षः– | प्रिंस शर्मा पुत्र ओमपाल सिंह नि0 शिवओम मार्केट, रघुनाथपुर नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर–201301 Adhar card XXXX XXXX 0623 | |
| ङ– | मन्त्रीः– | स्वीटी शर्मा पुत्री श्री श्री विनोद कुमार नि0 रघुनाथपुर सैक्टर–22 नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर–201301 Adhar card XXXX XXXX 6311 | |

7. सदस्यगण–

| | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री ओमपाल सिंह नि0 शिवओम मार्केट, रघुनाथपुर नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर–201301 Adhar card XXXX XXXX 1949 | |
| | | |

ट्रस्ट के पदाधिकारी –

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

संरक्षक– वर्तमान में ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी श्री विनोद कुमार संरक्षक होगें सरंक्षक का कार्यकाल आजीवन होग। किसी भी दशा में संरक्षक का पद रिक्त होने पर ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगण की आम सहमति से या बहुमत से नये संरक्षक का मनोनयन किया जायेगा।

अ– अध्यक्ष– वर्तमान में ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी श्री निरंकार सिंह अध्यक्ष होगें अध्यक्ष का कार्यकाल आजीवन होगा तथा किसी भी दशा में अध्यक्ष का पद रिक्त होने पर ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगण की आम सहमति से या बहुमत से नये अध्यक्ष का मनोनयन किया जायेगा। विवाद की स्थिति में विवाद की स्थिति में संरक्षक महामन्त्री, मन्त्री मिलकर नये अध्यक्ष चयन कर सकेंगें। चुनाव अधिकारी द्वारा काराया जायेगा। अध्यक्ष द्वारा मनोनीत चुनाव अधिकारी द्वारा काराया जायेगा।

ब– उपाध्यक्ष– वर्तमान में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा रानी होगीं उपाध्यक्ष का कार्यकाल आजीवन होगा तथा किसी भी दशा में उपाध्यक्ष का पद रिक्त होने पर ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगण की आम सहमति से या बहुमत से नये उपाअध्यक्ष का मनोनयन किया जायेगा। विवाद की स्थिति में विवाद की स्थिति में संरक्षक, अध्यक्ष, महामन्त्री, मिलकर नये उपाध्यक्ष का चयन कर सकेंगें।

स– महामन्त्री– वर्तमान में ट्रस्ट के ट्रस्टी तरून शर्मा महामन्त्री रहेगें। महामन्त्री का कार्यकाल आजीवन होगा तथा किसी भी दशा में महामन्त्री का पद रिक्त होने पर ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगण की आम सहमति से या बहुमत से नये महामन्त्री का मनोनयन किया जायेगा। किसी भी विवाद की स्थिति में संरक्षक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मिलकर नये महामंत्री चयन कर सकेंगें।

द– कोषाध्यक्ष– वर्तमान में ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री प्रिंस शर्मा कोषाध्यक्ष रहेगें। कोषाध्यक्ष का कार्यकाल आजीवन होगा तथा किसी भी दशा में कोषाध्यक्ष का पद रिक्त होने पर ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगण की आम सहमति से या बहुमत से नये कोषाध्यक्ष का मनोनयन किया जायेगा। किसी भी विवाद की स्थिति में संरक्षक, अध्यक्ष, महामन्त्री, मिलकर नये कोषाध्यक्ष का चयन कर सकेंगें।

द– मन्त्री– वर्तमान में ट्रस्ट के ट्रस्टी स्वीटी शर्मा मन्त्री रहेगीं। मन्त्री का कार्यकाल आजीवन होगा तथा किसी भी दशा में मन्त्री का पद रिक्त होने

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

पर ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगण की आम सहमति से या बहुमत से नये मन्त्री का मनोनयन किया जायेगा। किसी विवाद की स्थिति में संरक्षक अध्यक्ष, महामन्त्री मिलकर नये मन्त्री का चयन कर सकेंगें।

8. ट्रस्टीगण की नियुक्ति– ट्रस्ट के गठन के समय सभी ट्रस्टी जो पदाधिकारी व सदस्यगण मनोनीत किये जा रहे हैं वे सभी इस ट्रस्ट के आजीवन ट्रस्टी रहेगें। उपरोक्त ट्रस्टीगणों में से किसी भी ट्रस्टी की मृत्यु हो जाने पर, निष्कासन हो जाने पर, त्याग पत्र देने अथवा विधि अनुसार अक्षम या अयोग्य हो जाने पर रिक्त पद की पूर्ति ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण की आम सहमति अथवा बहुमत के आधार पर होगी। ट्रस्ट के नियम व विधान सभी ट्रस्टियों को हर स्थिति में मान्य होगें।

9. ट्रस्टीगण का निष्कासन– यदि इस ट्रस्ट के किसी भी ट्रस्टी द्वारा ट्रस्ट के हित के विरूद्ध कार्य किया जाता है अथवा ट्रस्टी ट्रस्ट के हित के विरूद्ध कार्य करने को तैयार है तो तुरन्त ट्रस्ट के पदाधिकारियों जिनमें अध्यक्ष महामन्त्री सम्मिलित हैं बिना मीटिंग बुलाये निजी ट्रस्टी का शोकोज नोटिस देकर ट्रस्टी को निष्कासित कर पृथक कर कर सकते हैं इसके लिए सदस्यगणों की मीटिंग बुलाने की आवश्यकता नहीं है।

10. ट्रस्ट में नये सदस्य का प्रवेश– यदि ट्रस्टी चाहे तो समाज के किसी भी व्यक्ति को जो सक्षम, वालिग हो तथा विधि द्वारा अयोग्य घोषित न हुआ हो सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों की उपस्थिति में बैठक कर नये सदस्य बनाने पर विचार कर सकते हैं और सर्व सम्मति से नये सदस्य को ट्रस्ट में ट्रस्ट का साधारण सदस्य बनाया जा सकता है किन्तु बनाये गये नये साधारण सदस्य को चुनाव में भाग लेने/मताधिकार का अधिकार न होगा।

11. अध्यक्ष के अधिकार–

अ– ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करना।

ब– ट्रस्ट की कार्यवाहियों के लिए महामन्त्री को निर्देशित करना है।

स– चुनाव के समय अपना निर्णायक मत देना।

द– ट्रस्ट में बैक द्वारा संचालित खाते का कोषाध्यक्ष व महामन्त्री अथवा किसी एक के साथ संयुक्त रूप से संचालन करेगा।

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

य– समस्त विधिक कार्यावाहियों में ट्रस्ट के महामन्त्री एवं मन्त्री के साथ ट्रस्ट की ओर प्रतिनधित्व करना।

र– ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ट्रस्ट के नाम से किसी सम्पत्ति को कय करने तथा आवश्यकता पड़ने पर ट्रस्ट के हित के लिए ट्रस्ट की सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग को अन्तरण करना, किन्तु यह अधिकार इस दशा में ही अध्यक्ष को प्राप्त होगा जबकि वह इस सम्बन्ध में प्रस्ताव को ट्रस्ट के ट्रस्टीगणों के मध्य रखकर बहुमत से उसे पास कराले।

ल– ट्रस्ट के हित के लिए ट्रस्ट की सम्पत्ति या उसके किसी भाग को बंधक रखकर बैंक अथवा वित्तीय संस्था से ऋण प्राप्त करना अथवा ट्रस्ट की सम्पत्ति को ट्रस्ट के हित के लिए किराये पर या लीज पर देना किन्तु यह अधिकार इस दशा में ही अध्यक्ष को प्राप्त होगा जबकि वह इस सम्बन्ध में प्रस्ताव को ट्रस्ट के ट्रस्टीगणों के मध्य रखकर बहुमत से उसे पास कराले।

व– ट्रस्ट के हित के लिए ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं के लिए आवश्यकतानुसार नये भवनों का निर्माण कराना, मरम्मत कराना, ट्रस्ट की सम्पत्ति में परिवर्तन कराना अथवा अगर ट्रस्ट की सम्पत्ति पुरानी हो जाती है तो उसका पुनः निर्माण कराना।

12. उपाध्यक्ष के अधिकार–

अ– अध्यक्ष की अनुपस्थित में अध्यक्ष के वे सभी कार्य करेगा जो अध्यक्ष द्वारा निर्वाहित होगें।

12. महामन्त्री के अधिकार–

अ– ट्रस्ट द्वारा लिये गये निर्णयों का क्रियान्वयन करना व कराना।

ब– ट्रस्ट के आय–व्यय का हिसाब रखना अथवा अपने निर्देशन में हिसाब रखने की व्यवस्था करना।

स– निर्धारित समयानुसार ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों को बैठक की सूचना देना एवं बैठक की व्यवस्था करना।

द– ट्रस्ट में वार्षिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करके स्वीकृत होने के लिए बैठक आहूत करना।

य– ट्रस्ट की ओर से निष्पादित होने वाले समस्त प्रलेखों का रख–रखाब करना।

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

र– ट्रस्ट से सम्बन्धित सभी पत्रावलियों की देखभाल करना एवं पत्र व्यवहार करना।

ल– ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आर्थिक साधन जुटाना।

म– ट्रस्ट के प्राप्त धन को कोषाध्यक्ष के पास भेजना, अध्यक्ष द्वारा सौंपी गई अन्य जिम्मेदारी का पालन करना।

13. कोषाध्यक्ष के अधिकार–

अ– ट्रस्ट के समस्त कोष का हिसाब–किताब रखना एवं उसको वार्षिक बैठक में प्रस्तुत करना।

ब– ट्रस्ट के धन के अपने पास रखना तथा पॉच हजार रूपये से अधिक की धनराशि को बैंक में जमा करना।

स– अध्यक्ष के हस्ताक्षर पर ही बैंक से धन निकालना।

द– बैठक में पास होने पर किसी संसाधन को जुटाने हेतु या अन्य किसी कार्य में व्यय होने वाली धनराशि के लिए ही बैंक से धन निकालना।

14. मन्त्री के अधिकार–

अ– महामन्त्री की अनुपस्थित में उनके वे सभी कार्य करना जो महामन्त्री द्वारा निर्वाहित होगें।

ब– विधिक कार्यवाहियों में ट्रस्ट की ओर से प्रतिनिधित्व करना।

15. ट्रस्ट की बैठक व गणपूर्ति :–

महामन्त्री द्वारा ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक 6 माह में एक बार अवश्य बुलाई जायेगी। जिसकी सूचना एक सप्ताह पूर्व, सभी सदस्यों को दी जायेगी, 2/3 सदस्यों की उपस्थिति पर गणपूर्ति मानी जायेगी किन्तु विशेष बैठक विषम परिस्थितियों में केवल 24 घण्टे के लिखित नोटिस पर बुलाई जा सकेगी। विशेष बैठक के लिए लिखित नोटिस के स्थान पर दूरभाष की सुविधा का भी प्रयोग किया जायेगा। जो लिखित नोटिस के बराबर मान्य होगा।

16. बैक खातों का खोला जाना एव परिचालन–

अ– ट्रस्ट का खाता ट्रस्ट के सृजन के उपरान्त किसी भी बैंक में " सर्व शिक्षा सर्व सेवा ट्रस्ट अरनी" के नाम से खोला जा सकेगा। ट्रस्ट के खाते का संचालन संस्थापक श्री विनोद कुमार व अध्यक्ष श्री निरंकार सिंह के हस्ताक्षर से किया जायेगा। आवश्यकता होने पर

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

आवेदन सं०: 202200752008504

न्यास पत्र

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 29 वर्ष: 2022

प्रतिफल- 11000 स्टाम्प शुल्क- 750 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 110 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 80 योग : 190

श्री विनोद कुमार ,
पुत्र श्री श्रीचंद
व्यवसाय : अन्य
निवासी: म० नं० 48 शिवओम मार्केट रघुनाथपुर नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर





ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 02/05/2022 एवं 03:29:22 PM बजे निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रदीप राणा
उप निबंधक :खेर
अलीगढ़
02/05/2022

संदीप कुमार सक्सैना
निबंधक लिपिक
02/05/2022

प्रिंट करें

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

ट्रस्ट के एक से अधिक खाते अलग--अलग बैंको में खोले जा सकते हैं।

17. **ट्रस्ट के नियम--उप नियम बनाने एवं उनमें संशोधन करने का अधिकार –**

ट्रस्ट के किसी नियम में कोई सशोधन अथवा परिवर्तन करना होगा तो वह बैठक में अध्यक्ष व सर्व सम्मति के आधार पर होगा।

18. **ट्रस्ट के आय–व्यय का हिसाब एवं अंकेक्षण–**

उक्त ट्रस्ट का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च रहेगा। जिसके आय–व्यय का ब्यौराबार हिसाव रखा जायेगा।

19. **ट्रस्ट के अभिलेख–** कैश बुक, लेजर, कार्यवाही रजिस्टर, सदस्यता सूची, सूचना रजिस्टर आदि ट्रस्ट के अभिलेख होगें जो ट्रस्ट के कार्यालय में रखे जायेगें।

20. **ट्रस्ट के विघटन का विवरण–**

ट्रस्ट अखण्डनीय होगा। इसे विघटित नहीं किया जा सकेगा।

अतः आज दिनांक 02/05/2022 को स्थान तहसील खैर जिला अलीगढ़ में, मैं विनोद कुमार उपरोक्त ट्रस्ट का सृजन/गठन कर पंजीकृत कराता हूँ ताकि सनद रहे और समय पर काम आवे। तहरीर दिनांक 02/05/2022

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

आवेदन सं०: 202200752008504

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 29 वर्ष: 2022

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त

न्यासी: 1

श्री विनोद कुमार, पुत्र श्री श्रीचंद

निवासी: म० नं० 48 शिवओम मार्केट रघुनाथपुर नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर

व्यवसाय: अन्य




ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान

पहचानकर्ता : 1

श्री कालीचरन , पुत्र श्री होतीलाल

निवासी: मौ० गौतमान कस्बा खैर पर० व तह० खैर जिला अलीगढ

व्यवसाय: अन्य




पहचानकर्ता : 2

श्री भगवान स्वरूप, पुत्र श्री बाबूलाल

निवासी: मौ० नई बस्ती कस्बा खैर पर० व तह० खैर जिला अलीगढ

व्यवसाय: अन्य




रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रदीप . राणा
उप निबंधक : खैर
अलीगढ़
02/05/2022

ने की । प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।

टिप्पणी :

संदीप कुमार सक्सैना
निबंधक लिपिक अलीगढ़
02/05/2022

प्रिंट करें

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR



गवाह–1 कालीचरन पुत्र स्व0 श्री होतीलाल नि0 मौ0 गौतमान कस्बा खैर पर0 व थाना व तह0 खैर जिला अलीगढ़।
Adhar card XXXX XXXX 4224



गवाह–2 भगवान स्वरूप पुत्र स्व0 श्री बाबूलाल नि0 मौ0 नई बस्ती कस्बा खैर पर0 व थाना व तह0 खैर जिला अलीगढ़।
Adhar card XXXX XXXX 8635

प्रारूप तैयारकर्ता–मुकेश अग्रवाल, एडवोकेट सिविल कोर्ट, खैर। 02.05.2022

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR

आवेदन सं०: 202200752008504

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 79 के पृष्ठ 23 से 44 तक क्रमांक 29 पर दिनाँक 02/05/2022 को रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रदीप . राणा
उप निबंधक : खैर
अलीगढ़
02/05/2022

उपनिबन्धक खैर जनपद अलीगढ़ • उत्तर प्रदेश •

Manager
Hindustan Scholars Academy
Arni, Khair

HINDUSTAN SCHOLARS ACADEMY
PRINCIPAL
ARNI, KHAIR